## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुल के नीचे गिरी कार, दो महिलाएं गंभीर

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** एक तेज रफ्तार कार पैरी नदी पुल के एप्रोच रोड को तोड़ती हुई पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में पुल के नीचे बैठी दो महिलाएं बुरी तरह से घायल हो गईं। वहीं कार में सवार लोगों को भी चोटें आई हैं। ज्ञात हो कि बारुला स्थित पैरी नदी पुल पर एक तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई. कार पुल के एप्रोच रोड से 15 फीट नीचे गिर गई और वहां बैठी दो महिलाओं पर जा गिरी. इस हादसे में दोनों महिलाएं बुरी तरह घायल हो गईं और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है. कार में सवार दो लड़कियां भी घायल हुई हैं. बताया जा रहा है कि कार में जीजा सालियां दशहरा देखने फुलकंरा जा रही थी, तभी यह घटना घटी. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नदी में डूबकर मेडिकल स्टूडेंट की मौत

**अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)।** मेंड्रा स्थित नदी में आज एक दर्दनाक हादसा हो गया। मेडिकल कालेज के चार छात्र आज नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान एक छात्र गहरे पानी में डूब गया इससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर लिया है. वहीं पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे सभी छात्र नदी में नहा रहे थे, तभी ईशु चंद्राकर गहरे पानी की ओर बढ़ गया और डूब गया. घटना के बाद स्ष्ठक्रस्न की टीम और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया. कई घंटों की तलाश के बाद, स्ष्ठक्रस्न की टीम ने नदी से ईशु चंद्राकर के शव को बरामद किया. पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद थी और जांच जारी है. बताया जा रहा है कि रविवार का अवकाश होने के कारण मेडिकल कॉलेज के छात्र नदी में नहाने गए थे. ईशु चंद्राकर के निधन से उनके परिवार और दोस्तों में शोक का माहौल है. मृतक छात्र की पहचान कवर्धा निवासी ईशु चंद्राकर के रूप में हुई है. फिलहाल, पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आंगन में दंतैल ने बच्ची को लपेटकर पटका

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज में आने वाले ग्राम कांपा नवापारा एवं उसके आसपास पिछले एक सप्ताह से लगभग 50 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। आये दिन हाथियों के द्वारा किसानों की फसल चैपट कर रहे हैं, और तो और अब दतैल हाथी आधी रात को खाने की तलाश में सीधा नींद में सो रहे ग्रामीणों के ऊपर हमला कर रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत घुंचापुर के आश्रित गांव लालपुर में घटा है। जानकारी के अनुसार ग्राम लालपुर में लरगंसाय एक्का अपने परिवार सहित निवास करता है और 10 अक्टूबर गुरुवार की रात लगभग 3 बजे जब उसकी 12 वर्षीय अनुष्का एक्का लघुशंका के लिए बाहर निकली तो एक भारी भरकम दंतैल हाथी आंगन में खड़ा था। बच्ची कुछ समझ नहीं पाई और हाथी ने उसे सुंड में लपेट कर वहीं पर पटक दिया। जिससे बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई। तब तक घर वाले बच्ची की आवाज सुनकर बाहर निकले तो हाथी मौके से जंगल की ओर भाग चुका था। इसकी खबर मिलते ही गांव में हाथी के आने की दहशत फैल गई। इसके पश्चात घायल बच्ची को वाहन व्यवस्था कर पोड़ी उपरोड़ा अस्पताल लाया गया।

### ट्रैक्टर पलटने से तीन लोगों की मौत, दो गंभीर

**जशपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में आज तडक़े एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पलटने से ट्राली में बैठे तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। दो घायलों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, दहशरा पर्व के मौके पर सुरेशपुर हर्रामार गांव में नाटक का आयोजन किया गया था. जिसे देखने के लिए पंडरीपानी से करीब 30 ग्रामीण ट्रेक्टर ट्राली में सवार होकर गए थे. नाटक देखने के बाद लौटते समय रविवार की तडक़े 4 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मिर्जापुर गांव के समीप सडक़ के किनारे पलट गई. ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं आठ लोग घायल हो गए. आनन- फानन में एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया हैं। वहीं घटनास्थल पर लोगों की हुजूम उमड़ा हुआ है. घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### पूर्व पार्षद की कार हाईवा से भिड़ी, सात जख्मी

**कोरबा (आरएनएस)।** सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ी गाड़ी एक बार फिर दुर्घटना का कारण बनी। ट्रेलर से कार के टकराने पर पूर्व कांग्रेस पार्षद समेत सात सवार घायल हो गए। कार का एयरबैग समय पर खुल जाने से चालक की जान बन गई। जानकारी के मुताबिक नगर पालिक निगम के मुड़ापार वार्ड से पूर्व कांग्रेस पार्षद गोपाल कुर्रे परिजनों के साथ नैला से देवी दर्शन कर वापस कोरबा लौट रहे थे कि ग्राम कनकी मुख्य मार्ग पर उनकी कार सडक़ के किनारे खड़ी हाइवा से जा टकराई। कार में सवार लोगों को राहगीरों ने बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल रवाना किया।

# कच्चे मकानों की रह जाएंगी बस यादें, गरीबों के घरों की मजबूत होने लगी हैं बुनियादें

- खाते में किश्त आने से मजबूत नींव के साथ बनने लगा है सपनो का आशियाना
- जिले के अंतिम छोर के गांवों में भी नजर आएगा पक्का पीएम आवास

**रायपुर | आरएनएस**

अंतिम छोर के गाँव की अपनी पहचान होती है। शहर से दूर होने के साथ यहाँ की अपनी जीवनशैली होती है। दूर-दूर घर होते हैं। घर पर गाय बकरियां होती है। हरे-भरे पेड़ पौधे होते हैं। छोटी-छोटी बाड़ियाँ होती है, जहाँ पसंद की साग सब्जियां उगाई गई और आसपास मुर्गे-मुर्गियां छोटे चूजे घूमते-फिरते होते हैं। सुबह से शाम तक चहल-पहल होती है। अपनी परम्पराएं, अपनी संस्कृति और मजबूत रिश्ते मगर कच्चे घर होते हैं... इन्हीं पहचान के बीच किसी के टूटे हुए तो किसी के जैसे-तैसे बने मिट्टी और खपरैल वाले घर भी होते हैं। गाँव में किसी के पक्के मकान का होना उनके रसूखदार होने की पहचान हुआ करती थी...क्योंकि गरीबी की वजह से पक्के मकान का सपना अनगिनत ग्रामीणों के लिए महज सपना ही था, खेती-किसानी या फिर पीढ़ी दर पीढ़ी कच्चे मकानों में ही जिंदगी गुजार देने वाले ग्रामीणों ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन उनका भी पक्का मकान बनेगा और अपने जीते-जी वे किसी रसूखदारों के बीच पक्के मकान में रह पाएंगे। कुछ ऐसा ही सपना कोरबा जिले के अन्तिम छोर के गाँव पतुरियाडाँड़ में रहने वाले गरीब परिवारों को खुशी और गर्व है कि किसी मजबूत रिश्तों की तरह उनके घरों की बुनियादें भी मजबूत हो रही है और कई मुश्किलों से गुजरी कच्चे मकानों में बस यादें ही रह जाएंगी।

कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा के अंतिम छोर के गाँव पतुरियाडाँड़ में रहने वाले गुलाब सिंह अपने तीन बेटों के साथ घर पर रहते हैं। लगभग 60 बसंत देख चुके गुलाब सिंह बताते हैं कि किसी तरह गाँव में खेती किसानी और मजदूरी से घर का खर्च चल जाता था। अब बेटे भी यहीं करते हैं। उनकी कई पीढ़ी गुजर गई पर पक्का मकान बन पाएगा, ऐसा कभी सोचा भी नहीं था। उन्होंने बताया कि उनके कच्चे मकान में जिंदगी कट गई। कच्चे मकान में बारिश के समय बहुत ही ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ा। कभी खपरैल के बीच से टपकते बारिश के पानी में रातों की नींदे खराब हुई तो कई बार नीचे फर्श कीचड़मय हुआ। गुलाब सिंह से बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद उन्हें इस बात की चिंता थी कि वास्तव में पक्का मकान बनाने के लिए पैसे मिलेंगे या नहीं। कई बार तो लगता था कि खाते में पैसा नहीं आएगा और पक्के मकान का सपना कभी पूरा नहीं हो पायेगा। गुलाब सिंह ने बताया कि जब खाते में राशि आई तो मकान का सपना हकीकत में बदल गया है। खाते से राशि निकालकर अपनी मकान को मूर्त रूप दे रहा है। गुलाब सिंह ने बताया कि उन्हें खुशी है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में पैसा डाला है और यह राशि उनके जैसे गरीब परिवारों के सपनों को सच कर रहा है। इसी गाँव की निवासी पिंकी पैकरा को भी अपने पक्के मकान का पूरा होने का इंतजार है। वह कहती है कि कच्चे मकान में रहने से बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। पक्का मकान बारिश के दिनों में उन्हें किसी परेशानी में नहीं डालेगा और वह सुकून से रह पाएगी। ग्रामीण पंचराम और उनकी पत्नी रूपकुंवर के खाते खाते में भी आवास बनाने के लिए राशि आयी तो इन्होंने मकान पूरा करा लिया है। पंचराम ने बताया कि उनके घर का प्लास्टर का काम ही शेष है, जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा और वे पक्के मकान में रहने लगेंगे। गांव के लबदराम भी पीएम आवास के हितग्राही है। इन्होंने खाते में राशि आते ही काम शुरू कर दिया है। अभी तक 65 हजार प्राप्त कर चुके लबदराम ने बताया कि जल्दी ही उनका घर पूरा हो जाएगा और वे अपने परिवार के साथ कच्चे मकान को अलविदा कह देंगे। इन सभी हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और अपने सपने के आशियाने को लेकर गौरवान्वित महसूस करते हुए खुशी व्यक्त की।

## छिछोरउमरिया में जल जीवन मिशन का काम पूरा, 746 परिवार होंगे लाभान्वित

- जल जीवन मिशन ने आसान किया ग्राम छिछोरउमरिया की महिलाओं का जीवन

**रायगढ़**

जल जीवन मिशन योजना का सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को मिला है। योजना के कारण जो महिलाएं दूर जाकर हैण्डपंप से पानी लाने का संघर्ष करती थी, वो अब खत्म हो गया हैं। अब इस योजना के तहत हर घरों में साफ पानी सीधे नल से उनके घरों तक पहुंच रहा है, जिससे बाहर से पानी लाने के जद्दोजहद में लगने वाले समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत छिछोर उमरिया के कुल 746 परिवारों को घर में



नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है।

आज ग्राम पंचायत छिछोरउमरिया की सभी महिलाएं खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें हैण्डपंप तथा कुएं के सामने लाइन नहीं लगानी पड़ती। घरेलू महिलाओं के लिए जल जीवन मिशन किसी वरदान से कम नहीं है। शासन के द्वारा जन हितैषी जन कल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के आने से गांव के सभी आंगनबाड़ी स्कूल पंचायत भवन में 15वें वित्त से रनिंग वाटर की सुविधा की गई है, मध्यान्ह भोजन बनाने तथा स्कूली बच्चों को पीने के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सका।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत छिछोर उमरिया विकास खण्ड पुसौर के अन्तर्गत आता है यहां कुल आबादी 2748 है तथा यहां की कुल परिवारों की संख्या 746 है और घरों की संख्या 553 है। जिसमें महिलाओं की संख्या 1216 और पुरुषों की संख्या 1337 है और बच्चों की संख्या 195 है। यह गांव रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 27 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव की मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य है इस गांव में पेयजल, हैंडपंप एवं ट्यूबेल के माध्यम से प्राप्त होता था जो कि गर्मी के मौसम में भूमिगत जल स्रोत नीचे चले जाने के कारण पानी के बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना के आने से इस ग्राम में कार्य योजना तैयार किया गया। जिसमें हर घर को पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। कार्य योजना 2021 की जनगणना के आबादी को मानक मानकर परिवार 746 के लिए घरेलू नल कनेक्शन हेतु जल जीवन मिशन योजना बनाई गई है, योजना के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण तथा प्रत्येक गांव के घरों को नल कनेक्शन का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक घरों एवं परिवारों को 55 लीटर प्रति व्यक्ति शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा यह जल सभी परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

## सौतेले पिता ने की पूत्र की नृशंस हत्या

**कोरबा | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. उरगा थाना क्षेत्र के पहरी पारा में एक सौतेले पिता ने अपने चार साल के बेटे को बेरहमी से मार डाला. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मार्ग कायम कर जांच में जुट गई है. वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, उरगा थाना क्षेत्र पहरी पारा निवासी मंजीत कुर्रे बीते शनिवार की रात नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा. घर पहुंचते ही वह अपनी पत्नी से झगड़ा करने लगा और उसे कमरे से बाहर निकाला और कमरे में बंदकर 4 साल के सौतेले बेटे बिहान को पटक-पटक कर मार डाला. बताया जा रहा है कि आरोपी मंजीत ने कुछ महीने पहले ही रामशिला नाम की महिला से प्रेम विवाह किया था और उसे अपने बच्चे के साथ अपने घर में रखा हुआ था. वह अपनी पत्नी को हमेशा बच्चे को दादा-दादी के पास छोडक़र आने को कहता था. लेकिन पत्नी अपने बच्चे को छोडऩा नहीं चाहती थी. जिससे गुस्साया पति मंजीत शराब के नशे में कल देर रात घर आया और पत्नी से 'तेरी जान है बेटा' कहकर विवाद करने लगा. इसी बीच मंजीत ने पहले अपनी पत्नी को कमरे से बाहर निकाला और फिर अपने बेटे को पटक-पटक कर मौत की नींद सुला दिया. इस घटना की सूचना फौरन पुलिस को दी गई. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता मंजीत को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## 26 लाख के गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**सुकमा-रायपुर | आरएनएस**

जिले के केरलापाल थाना पुलिस का गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने महाराष्ट्र के बड़े शहरों में खपाने के लिए ले जाए जा रहे भारी मात्रा में गांजा पकड़ा है. इस कार्रवाई में पुलिस ने तस्करों के पास से 257.835 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 25,78,350 रुपये है. इसके साथ ही 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. बता दें, जिले की पुलिस लगातार तस्करी के खिलाफ अभियान चला रही है. इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है. सूचना के आधार पर, 9 अक्टूबर 2024 को थाना केरलापाल के निरीक्षक गोविंद यादव के नेतृत्व में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 पर नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की होण्डा सिटी कार (नंबर ङ्गरू 05 ङ्ग 0567) को रोका गया. कार की तलाशी लेने पर डिग्गी और सीट के नीचे से 67 पैकेट गांजा बरामद किया गया, जिसका वजन 257 किलोग्राम से अधिक था। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुनील रामजीयावन (25 वर्ष) और परकले करन (29 वर्ष) हैं और दोनों महाराष्ट्र के निवासी हैं. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह मादक पदार्थ ओडिशा से खरीदकर महाराष्ट्र के बड़े शहरों में खपाने की योजना बनाई थी. वे ओडिशा के मल्कानगिरी से गांजा लेकर तेलंगाना होते हुए महाराष्ट्र के बड़े शहरों में खपाने लेकर जा रहे थे. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना केरलापाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज किया है और न्यायालय में पेश करने की तैयारी है।

## नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी | आरएनएस**

नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी के आरोपी को धमतरी पुलिस ने किया गिरफ्तार,आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में धारा 420 भादवि. के तहत किया गया था अपराध पंजीबद्ध। आरोपी द्वारा पुलिस विभाग में आरक्षक भर्ती कराने का झांसा देकर प्रार्थी एवं अन्य से 16,00,000/- रूपये का किया था धोखाधड़ी। सक्षिप्त विवरण-: थाना सिटी कोतवाली धमतरी में आवेदक तुलसी राम साहू एवं अन्य के द्वारा प्रस्तुत वरिष्ठ कार्यालय के शिकायत आवेदन पत्र से आरोपी आकाश चन्द्राकर द्वारा पुलिस विभाग में आरक्षक भर्ती कराने का झांसा देकर प्रार्थी एवं अन्य से 16,00,000/- रूपये रकम लेकर धोखाधड़ी करना पाये जाने से धारा 420 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं अन्य पीड़ितों का कथन लेखबद्ध कर आरोपी द्वारा दिये गये इकरारनामा व चेक की छाया प्रतियां प्राप्त की गई। आरोपी अपराध कायमी के बाद से लगातार फरार था जिस पर 5,000/- रूपये का ईनाम उद्घोषणा भी की गई थी। जिसे अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से कुल 17,85,000/- रूपये रकम लेना स्वीकार किया जो आरोपी आकाश चन्द्राकर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम आकाश चन्द्राकर पिता ओमकार प्रसाद चन्द्राकर उम्र 33 वर्ष सा0 परसवानी थाना कोतवाली जिला महासमुंद हाल श्यामनगर वार्ड नं0 52 शैलेन्द्र सिंह का मकान बोरसी जिला दुर्ग(छ.ग.)। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी. राजेश मरई, उनि. लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रआर.दिनेश तुरकाने, आरक्षक कुलदीप राजपूत ,साजिद अली का विशेष योगदान रहा।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1174.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर | आरएनएस**

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1174.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 13 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2444.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 609.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़



नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 640.9 मिमी, सूरजपुर में 1167.8 मिमी, बलरामपुर में 1746.9 मिमी, जशपुर में 1076.0 मिमी, कोरिया में 1132.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1089.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 961.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1189.5 मिमी, गरियाबंद में 1122.0 मिमी, महासमुंद में 974.9 मिमी, धमतरी में 1043.5 मिमी, बिलासपुर में 998.1 मिमी, मुंगेली में 1117.1 मिमी, रायगढ़ में 1117.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.6 मिमी, सक्ती 1063.2 मिमी, कोरबा में 1423.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1208.7 मिमी, दुर्ग में 658.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 929.8 मिमी, राजनांदगांव में 1130.1 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1243.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 860.4 मिमी, बालोद में 1200.4 मिमी, बस्तर में 1280.9 मिमी, कोण्डागांव में 1212.4 मिमी, कांकेर में 1430.4 मिमी, नारायणपुर में 1466.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 1569.7 मिमी और सुकमा जिले में 1706.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग | आरएनएस**

दवा दुकानों में छापेमारी कर नकली दवा के नाम पर दवाओं की सैंपलिंग लेकर दुकान संचालकों को धमकाने और उगाही करने वाले पांच फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि ग्राम धुमा धमधा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा (68 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती-किसानी का काम करता है। उसके बेटे दिलेंद्र कुमार वर्मा ने तीन साल पहले लाइसेंस लेकर घर में मेडिकल दुकान खोली थी. गुरुवार दोपहर वह ग्राम सिलपट्टी में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था.



उस दौरान दुकान में बैठे लडक़े ने बताया कि एक शख्स ने कॉल कर खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताते हुए बिना लाइसेंस के दवा दुकान चलाने पर कार्यवाई के लिए धमकाने लगा. इसके साथ ही खैरागढ़ कलेक्टोरेट में मिलने के लिए बुलाया है. बेटे से बात खत्म होने के बाद रघुनंदन ने बहू को कॉल किया. उसने बताया कि स्कार्पियो (सीजी 17 केएच 8580) में पांच लोग सवार होकर घर आए और खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताकर मेडिकल दुकान में घुस गए. और बिना लाइसेंस दुकान चलाने पर जेल भेजने की धमकी लेने लगे. इसके साथ जाते समय कुछ दवाएं सैम्पल के लिए साथ ले गए. इसके बाद जब शाम को घर पहुंचा तो ग्राम खैरझिटी निवासी वैद्यराज जोहन लाल वर्मा से मुलाकात हुई. जब उन्हें घटनाक्रम बताया तो उन्होंने ने भी स्कार्पियों में सवार होकर 5 लोग आए, खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताए और आयुर्वेदिक दवाओं के दो डिब्बे अपने साथ ले गए. बुजुर्ग की शिकायत के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों की पहचान पंडरिया कवर्धा निवासी मनीष जंघेल, भूषण वर्मा, तारन वर्मा, टाकेश्वर जंघेल, अतेनमणी अंचित के रूप में हुई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU